आपका स्वागत है

HSE अपनी वैबसाईट पर सभी राष्ट्रीयताओं और जातीय पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों का स्वागत करती है। यदि आप जानकारी, मदद या सलाह लेना चाहते हैं और किसी से इंग्लिश के अलावा किसी अन्य भाषा में बात करना चाहते हैं तो HSE का लैंग्वेज़ सर्विसिज़ यूनिट, लैंग्वेज़ लाईन लिमिटेड द्वारा दी जाने वाली एक टेलीफ़ोन इंटरप्रिटिंग सर्विस प्रदान करती है।

HSE से संपर्क करने के लिए कृपया हमारी सार्वजनिक पूछताछ सेवा, इन्फ़ोलाईन को 0845 345 0055 पर टेलीफ़ोन करें और ऑपरेटर को बताएं कि आप कौन सी भाषा में बात करना चाहते हैं। तब ऑपरेटर लगभग एक मिनिट के अंदर ही टेलीफ़ोन लाईन के माध्यम से आपका संपर्क एक इंटरप्रिटर से कराने की व्यवस्था करेगा, और आप अपनी भाषा में पूछताछ करना जारी रख सकेंगे। HSE का लक्ष्य कम्युनिटी के हर हिस्से की सेवा करना है और हमारी टेलीफ़ोन इंटरप्रिटिंग सर्विस 100 से ज़्यादा अलग–अलग भाषाओं में मिल सकती है, इसलिए आपको इन्फ़ोलाईन को केवल यह बताना है कि आप कौन सी भाषा में बात करना चाहते हैं और बाकी का काम ऑपरेटर करेगा।

आपको जिस तरह की जानकारी की तलाश है, उसके आधार पर इन्फ़ोलाईन की कोशिश यह होगी कि या तो आपकी पूछताछ का सीधे जवाब दे दिया जाए अथवा इसे जवाब के लिए HSE के उपयुक्त अनुभाग के पास भेज दिया जाए। आपकी पसंदीदा भाषा कोई भी हो, हम मदद के लिए मौजूद हैं, इसलिए कृपया हमारी सेवा का फ़ायदा उठाएं।